प्रादेशिक समाचार
26.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल चढ़ा हंगामे की भेंट, सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच एसआईआर मुद्दे पर हुई तीखी नोकझोंक, भोजनावकाश के बाद पांच विधेयक पारित।

2. केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रामगढ़ के कुजू में जीएसआई के नए प्रशासनिक भवन और प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्‌घाटन।

3. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की मौजूदगी में रांची में ईस्ट टेक 2025 का कर्टेन–रेज़र कार्यक्रम संपन्न, ईस्ट टेक के लोगों का किया गया औपचारिक अनावरण।

4. गिरिडीह में बैंकों की जनजागरूकता संगोष्ठी आयोजित, केंद्र संचालित जनधन, अटल पेंशन, विश्वकर्मा और स्टार्टअप योजनाओं की दी गई जानकारी।

5. खूंटी सदर अस्पताल में 57 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का केंद्र की टीम ने किया निरीक्षण, अधिकारियों ने निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का दिया निर्देश।

*******************

झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र का तीसरा दिन आज प्रश्नकाल हंगामे की भेंट चढ़ गया और कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी। सत्ता पक्ष ने एसआइआर को लेकर विपक्ष पर वोट चोरी का आरोप लगाया, जबकि भाजपा ने इसे बांग्लादेशियों को वोटर बनाने की साजिश बताया। भोजनावकाश के बाद कार्यवाही सुचारू रूप से चली और झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक समेत पांच विधेयक ध्वनिमत से पारित हुए। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एसआइआर का मुद्दा उठाकर सत्ता पक्ष असली मुद्दों से ध्यान भटका रहा है, जबकि आदिवासियों की जमीन और हक खतरे में हैं।

वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में हेराफेरी कर लोगों को वोट के अधिकार से वंचित करने की साजिश रची जा रही है।

*******************

केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने आज रामगढ़ के कुजू में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के नए प्रशासनिक भवन और प्रशिक्षु आवास सुविधा क्षेत्र प्रशिक्षण केंद्र का उद्‌घाटन किया। मौके पर श्री दूबे ने कहा कि भू वैज्ञानिक यहां रहकर प्रशिक्षण लेंगे और नई तकनीक से कार्यों का विस्तार करेंगे।

केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा कार्यालय में मुलाकात भी की और बीसीसीएल–सीसीएल सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

*******************

रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की उपस्थिति में ईस्ट टेक 2025 का कर्टेन–रेज़र कार्यक्रम संपन्न हुआ। 19 से 21 सितंबर को खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाली इस रक्षा प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में ईस्ट टेक 2025 के लोगो का अनावरण किया गया, जो "आत्मनिर्भरता से संप्रभुता" की थीम को दर्शाता है।

मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने क्षेत्र में उल्लेखनीय कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि आज दुनिया भारत की रक्षा शक्ति से परिचित है।

*******************

गिरिडीह के जमुआ प्रखंड स्थित हरला पंचायत भवन में बैंकों द्वारा जनजागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें आरबीआई के क्षेत्रीय डायरेक्टर प्रेम रंजन प्रसाद सिंह समेत विभिन्न बैंकों के अधिकारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में आम लोगों को प्रधानमंत्री जनधन, अटल पेंशन, विश्वकर्मा और स्टार्ट अप जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई और 500 से अधिक खातों का री–केवाईसी किया गया। मौके पर आरबीआई के क्षेत्रीय डायरेक्टर ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना बैंकों की बड़ी जिम्मेदारी है।

*******************

राँची सीएमपीडीआई ने यथासम्भव प्रयास सम्पूर्ण विकास के साथ "पंच तत्व विद्यालय परिवर्तन कार्यक्रम" के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत वित्त वर्ष 2025–26 के लिए 32.73 लाख रुपए की लागत वाली परियोजना से पाँच सरकारी स्कूलों के लगभग 1,500 छात्रों को सुरक्षित पेयजल, सौर ऊर्जा, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण पूरक और स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से लाभ मिलेगा।

*******************

प्रदेश कांग्रेस द्वारा लोहरदगा के कुडू प्रखंड में कांग्रेस ने ग्राम ककरगढ़ और बारीडीह में संवाद सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन ने प्रदेश प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुँचाने और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो ने कहा कि एसआइआर के खिलाफ लड़ाई पूरे प्रदेश और देश में जारी रहेगी और इसके विरोध में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा।

*******************

खूंटी सदर अस्पताल में 57 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक– सीसीबी की प्रगति की समीक्षा हेतु भारत सरकार की टीम खूंटी पहुंची। सीनियर अधिकारी नीरज राजवंशी ने कहा कि सीसीबी बनने के बाद ग्रामीण गंभीर बीमारियों का उपचार स्थानीय स्तर पर अत्याधुनिक मशीनों से करवा सकेंगे।

*******************

देश के साथ राज्य में प्रेम और समर्पण के पर्व हरितालिका तीज को उत्साहपूर्ण मनाया गया, जिसमें सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, सुख और समृद्धि की कामना करते हुए उपवास रखा। लोहरदगा में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं पूरे दिन भक्ति भाव से पूजा–अर्चना में लगी रहीं और पुरोहितों ने विधिवत कथा सुनाकर व्रत संपन्न कराया।

*******************

कल होने वाले गणेश चतुर्थी पूजा के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने वेबिनार के माध्यम से जिले के दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे, यातायात और पार्किंग की व्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए।

*******समाप्त********